## खास-खबरें

### अजीत सिंह नैय्यर बने जबलपुर संभाग के अध्यक्ष

**जबलपुर।** प्रदेश सिखों की शिरोमणि संस्था मध्य प्रदेश = छत्तीसगढ़, केंद्रीय गुरु सिंघ सभा, भोपाल द्वारा संस्कारधानी के युवा समाजसेवी स. अजीत सिंह नैय्यर सीटू को जबलपुर संभाग का अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पूर्व में, श्री नैय्यर को, पंजाबी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जबलपुर संभाग का कार्यक्रम समन्वयक भी नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर नगर की विभिन्न सिख संस्थाओं ने श्री नैय्यर को बधाईयां संप्रेषित की हैं।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम-37 अधिकारियों को स्कूल आवंटित

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में नवप्रवेशीय विद्यार्थियों के मोटिवेंशन और शैक्षणिक व्यवस्थाओं के साथ बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारियां प्राप्ति के उद्देश्य से भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 37 अधिकारियों को स्कूलो का आवंटन कर उन्हें नोड्ल नियुक्त किया है, जो नियत शाला में पहुंचकर एक पीरियड लेकर बच्चों से संवाद करेंगे और अपना प्रतिवेदन जिला शिक्षा केन्द्र को उपलब्ध कराएंगे। कुरवाई विकासखण्ड हेतु 3, ग्यारसपुर के लिए 5, नटेरन के लिए 7, बासौदा के लिए 8, लटेरी के लिए 3 तथा विदिशा विकासखण्ड के लिए 9 तथा सिरोंज के लिए 2 अधिकारी नियुक्त किए गए है।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** 1 अप्रैल से नवीन शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है। नवीन सत्र को लेकर शिक्षकों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए हैं। इस संदर्भ में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीहोर को सम्बोधित ज्ञापन सलोनी शर्मा को सौंपा। ज्ञापन में 1 अप्रैल से शुरु हो चुके सत्र के दौरान स्कूलों में कहीं लाईट कटोती हो रही है तो कहीं पानी के हेण्ड पम्प सूख चुके हैं और तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे में बच्चों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौर ने कहा है कि अधिकांश बच्चे घरों पर कूलर में रहने के आदी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि यदि सुबह की पाली में सभी स्कूल लगते हैं तो बच्चे जहां गर्मी की परेशानी से बचेंगे और बच्चे नियमित स्कूल तो आयेगें ही साथ उनको लू लगने से बचाया जा सकेगा। संघ का कहना है कि विभाग ने 1 अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र के आदेश तो जारी कर दिए। लेकिन समय सीमा वही पुरानी है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौर, संभाग उपाध्यक्ष लखन सिंह मालवीय, ब्लाक अध्यक्ष राजेश राठौर, विजय शंकर यादव, धर्मेन्द्र सौलंकी, संभागीय प्रवक्ता योगिता लोधी, शीला शाक्य, राकेश केलोदिया, चन्द्रशेखर राठौर, बलराम पंवार, राजेन्द्र बड़ोदिया आदि उपस्थित थे।

# उज्जैन में शराबबंदी, देवास मार्ग पर विवाद के बाद रहवासियों ने किया चक्का जाम

**उज्जैन।**

**उज्जैन में धार्मिक शहर होने के नाते मंगलवार को जब नगर निगम सीमा में स्थित शराब की दुकानें बंद हुई तो सीमा समाप्त होने के बाद के क्षेत्र में कतिपय दुकानें स्थानांतरित होना शुरू हो गई है। ऐसा ही एक मामला देवास मार्ग पर सामने आया, जहां बुधवार को रहवासियों ने शराब दुकान का विरोध करते हुए चक्का जाम कर दिया।**

दरअसल, नागझिरी में संचालित शराब दुकान नगर निगम सीमा में आने के बाद बंद कर दी गई। यह दुकान देवास मार्ग पर ही नगर निगम सीमा के बाद वाले हिस्से में मंगलवार को शिफ्ट हो गई। बुधवार सुबह लोगों ने देखा कि शिवांश वैली कालोनी के सामने की ओर शराब की नई दुकान खुल गई है। इससे उनमें आक्रोश छा गया। उक्त शराब दुकान हटाने की मांग के साथ लोगों ने देवास मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब एक घण्टे तक लगे जाम के कारण दोनों ओर वाहनो की कतार लग गई। इधर तीन थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा ओर लोगों से चर्चा करके आश्वासन दिया कि उनकी बात उपर तक पहुंचा दी जाएगी। इसके बाद जाम समाप्त हुआ।

मंगलवार को ही आगर मार्ग पर नगर निगम सीमा के बाहर स्थानांतरित शराब दुकान के बाहर लोगों की भीड जुटी ओर वे विरोध करते हुए दुकान के सामने बैठ गए। यहां भी चिमनगंज मण्डी थाना पुलिस पहुची ओर लोगों को समझाइश देकर जाम समाप्त करवाया। सूत्रों के अनुसार ऐसे ही हालात आगामी दिनों में इंदौर,मक्सी और बडनगर मार्ग पर बननेवाले हैं। शहर के बाहर के हिस्सों के लोग भी चाहते हैं कि शराब बंदी उनके यहां भी लागू हो।

**अवैध शराब बेचते महिला सहित पांच के खिलाफ कार्रवाई:** महाकाल थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले महिला सहित पाँच आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। आरोपीयों के द्वारा शराब बंदी आदेश के बावजूद शराब की तस्करी,विक्रय किया जा रहा था। पुलिस ने पाँचों आरोपियों से देशी शराब के 404 क्वार्टर व 42 बीयर केन जब्त की,जिसकी बाजार कीमत 39,500 रु. है। इनके खिलाफ धारा 34(2) म.प्र.आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजिबद्ध किया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रमेश पिता भुवान रैकवार और कमलाबाई पति पप्पू बंजारा दोनों निवासी ग्राम गोंसा भेरूगढ़ उज्जैन,प्रिंस पिता देवी लाल यादव निवासी निकास चौराहा उज्जैन तथा संदीप पिता बनेसिंह गेहलोत निवासी मुल्लापुरा और गणेश उर्फ गाना माली निवासी भूखी माता चौराहा को गिरफ्तार किया है। संदीप पिता बनेसिंह गहलोत के थाना महाकाल में पूर्व से चार और गणेश उर्फ गन्ना माली के खिलाफ पूर्व से आठ प्रकरण दर्ज है।

# बच्चा माँ को देख कर ना मुस्काए तो ऑटिज्म की शंका हो सकती है: डॉ. अग्रवाल

**विदिशा (निप्र)।**

स्थानीय अटलबिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग एवं आईएपी तथा आईएमए विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल स्टूडेंट के लिए विश्व ऑटिज्म जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मेडिकल कॉलेज सभागार में संपन्न संगोष्ठी में प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष एवं शिशु विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि ऑटिज्म एक मानसिक समस्या है, जिसमे बच्चे अपने आप में लीन रहते है, अपने आप में मस्त रहते है।

यह बीमारी नहीं बल्कि एक सामान्य मानसिक स्तिथि से थोड़ी भिन्न मानसिक अवस्था है, जिसमे बच्चे नजरो से नजरें नहीं मिलाते और माँ को देखकर मुस्कुराते भी नहीं है। दूसरे बच्चों या समाज में घुलने मिलने में कठिनाई अनुभव करते हैं। उनको अकेलापन अधिक प्रिय होता है। पीड़ित बच्चों में थोड़ी से लेकर गंभीर समस्या हो सकती है, इसलिए इसे ऑटिजम स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर के नाम से जानते है। इस लकलीफ़से पीड़ित बच्चों के शीघ्र निदान से अच्छे परिणाम मिलते है। उन्होंने बताया की 18-24 माह की उम्र ऑटिजम का निदान उपरांत उपचार प्रारंभ करने से अपेक्षित परिणाम प्राप्त होते है। विदिशा के समस्त शिशु रोग विशेषज्ञ एवं समस्त चिकित्सकों से अनुरोध किया गया है कि ऑटिजम से पीड़ित बच्चों की उपेक्षा ना करें और समय रहते उन्हें उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास करे।

आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष तथा आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि ऑटिजम की विश्व व्यापी जागरूकता से हमारे देश में भी 1-2: बच्चे इससे पीड़ित मिल रहे है। इस रोग को नियंत्रण में रखने के लिए इस वर्ष की थीम न्यूरो डाइवर्सिटी मतलब दिमाग की सामान्य स्तिथि से भिन्न अवस्था वाले बच्चों को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत् विकास लक्ष्यों से सामंजस्य स्थापित करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देना ही है।

इस अवसर पर आईएपी विदिशा के सचिव तथा आईएमए विदिशा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सोनकर, आईएपी के सदस्य एवं मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग के सहायक अध्यापक डॉ हेमंत यादव, आईएपी विदिशा की सदस्य और शिशु विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रयाशा त्रिपाठी ने बताया कि ऑटिजम एक अनुवांशिक और वातावरणीय परिवर्तन के कारण भी हो सकता है। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने संगोष्ठी पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी सहभागिता प्रदर्शित की।

# गणगौर महोत्सव पर निकला चल समारोह

**गंजबासौदा।**

**शहर में गणगौर पर्व पर आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला, अग्रवाल, मित्तल, माहेश्वरी, राजपूत और मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गणगौर माता और भगवान ईशर की शोभायात्राएं निकालीं।**

महिलाएं माता गणगौर को पूरे श्रंगार के साथ शाम को लेकर शीतला शक्ति धाम प्रांगण में पहुंची। जहां पूजन अर्चन कर, मंगल गीत गाकर झाले दिये। फिर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। रास्ते पर महिलाओं ने मंगल गीत गाकर, रास्ते भर नृत्य किए। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। महिलाओं ने माता पार्वती और भगवान शंकर की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की।

महिलाएं सुसज्जित हाथ ठेला में गणगौर माता की प्रतिमा रखकर चल रही थीं। छोटी छोटी बालकाओं ने भी उत्साह से भाग लिया। भजन और गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समापन पर भगवान ईशर और माता पार्वती की विशेष पूजा की गई। महिलाओं ने पारंपरिक गीत-संगीत और भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया। भगवान शिव और माता पार्वती के मंगलमय जीवन की कामना की गई।

महिलाएं रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्रों में शामिल हुईं। बैंड-बाजों की धुन पर अलग-अलग मंडलियों में महिलाओं ने खूब नृत्य किया। और धार्मिक वातावरण बना दिया। गणगौर माता की स्तुति की गई। वहीं महिलाओं ने गणगौर माता को जल अर्पित कर अखंड सौभाग्य की कामना की।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**रायसेन।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने गत बैठक में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने दिए गए निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई तथा एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित सड़क मार्गो पर केट आई तथा रंबल स्ट्रिप लगाए जाएं। साथ ही सड़कों के किनारे संकेतक भी लगाए जाएं। बैठक में पुलिस, यातायात, लोक निर्माण विभाग, स्कूल, स्वास्थ्य, एनएचएआई, एमपीआरडीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एम डी ड्रग मामले में डॉक्टर की गिरफ्तारी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद छोड़ा

**मंदसौर।**

बुधवार सुबह हुए एक सनसनीखेज घटनाक्रम में शहर के प्रतिष्ठित डॉ डी डी संगतानी को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार कर लिया ।डॉक्टर अपने परिवार के साथ तब नालछामाता मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। उनकी कार को रुकवाकर उसमें बैठे परिजनों को नीचे उतारकर पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई ।ये सब कुछ इतना जल्दी और नाटकीय तरीके से हुआ कि शहर में डॉक्टर संगतानी के अपहरण की अफवाह फैल हुई ।तकरीबन तीन घंटे बाद ठुष्ठ के बयान जारी करने के बाद स्थिति स्पष्ट हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी ने डॉक्टर संगतानी की गाड़ी में मादक पदार्थ रखकर प्रतापगढ़ एन सी बी को उसकी मुखबिरी कर दी ।जिस पर एन सी बी ने कारवाई करते

हुए,130 ग्राम एम डी ड्रग जब्त कर उन्हें एन डी पी एस में गिरफ्तार कर लिया।

हालांकि जानकारी लगते हुए सिंधी समाजजन बड़ी संख्या में पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे,जब मालूम पड़ा कि स्थानीय पुलिस को भी इसकी कोई जानकारी एन सी बी ने नहीं दी तो वे विरोध दर्ज कराने प्रतापगढ़ एन सी बी ऑफिस पहुंचे ।रास्ते में हथुनिया थाना राजस्थान की सीमा पर सभी को रोक दिया गया। लेकिन बड़ी तादाद में होने से आखिर उन्हें जाने दिया गया ।इसी बीच पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सक्रिय हुए और उन्होंने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेकर भोपाल,जयपुर और दिल्ली नारकोटिक्स कमिश्नर को अवगत कराया गया ।उनके द्वारा बताएगा कि डॉक्टर संगतानी षडयंत्र के शिकार हुए हैं। आखिर उनके तर्कों से सहमत होते हुए 6 घंटे बाद डॉ संगतानी को छोड़ा गया ।जिस पर समाज जन में हर्ष की लहर फैल गई। उन्होंने पूर्व विधायक सिसोदिया का आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि विगत कई समय से डॉ संगतानी का उनके दुबई निवासी दामाद से पारिवारिक विवाद चल रहा है ।जिसके चलते वो आए दिन उन्हें झूठे केस में फंसाता रहता है ।इससे पहले डॉ संगतानी की कार में आग लगने के साथ ही उनके डायग्नोस्टिक सेंटर में भी आग लग चुकी है ।वहीं उनके बेटे पर भी एक महिला छेड़छाड़ और बलात्कार की नियत का आरोप लगा चुकी है।

# मोटरसाइकिलों में मॉडिफाई साइलेंसर और हार्न लगाने पर होगी कार्रवाई

गंजबासौदा। मोटरसाइकिलों में मॉडिफाई साइलेंसर और हार्न लगाने का रिवाज बन गया है देखने में आता है कि बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखे की आवाज के साथ चिंगारियां निकालने का सिस्टम कुछेक युवाओं में बन गया है। मोटरसाइकिल से कर्कश आवाज निकालने पर राहगीरों को काफी परेशानी महसूस होती है इस तरह की शिकायत निरंतर प्रशासन को मिल रही थीं पुलिस ने इस संबंध में सम्बंधित वाहन चालकों को समझाइश देकर माहौल को बदलने का प्रयास भी किया लेकिन पुलिस को इसमें अच्छे रिजल्ट नहीं आने की स्थिति बनी पुलिस ने ऐसे वाहनों को जिनमे परिवर्तित साइलेंसर और कर्कश एवं आपत्तिजनक हार्न लगे हैं उनको रोककर सख्त कार्रवाई की जुर्माना किया है? और मौके पर ही सांस चल रहा है मैकेनिक से मॉडिफाई साइलेंसर निकलवाए तथा सामान्य साइलेंसर जो नियम प्रक्रिया से एलाउ हैं लगवाएं जिससे लोगों में हड़कंप मच गया है।

# लायंस क्लब द्वारा मानवता सेवा हेतु पदाधिकारियों को मिले अवार्ड

**विदिशा (निप्र)।**

**लायंस क्लब विदिशा द्वारा लगभग 9 माह से लायन्स क्लब अध्यक्ष अरुण कुमार सोनी एवं उनकी टीम द्वारा पीड़ित मानवता सेवा हेतु अनेक सेवाएं की जा रही है, जो वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सराही गई है।**

क्लब मीडिया प्रभारी सत्येंद्र धाकड़ ने बताया कि रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन संध्या शिलाकारी द्वारा रिद्धिमान रीजन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें 16 लायंस क्लब पदाधिकारियों एवं डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में उल्लेखनीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस रीज़न कॉन्फ्रेंस में चाइल्डहुड केंसर अवेयरनेस पर उत्कृष्ट कार्य हेतु लायंस क्लब अध्यक्ष अरुण कुमार सोनी को चाइल्डहुड केंसर अवेयरनेस अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके क्लब द्वारा संचालित बाल संस्कार कक्षा, जिसमें कि निर्धन बच्चों को एवं शासकीय स्कूल के बच्चों को संस्कार कक्षा के माध्यम से संस्कार एवं शिक्षा प्रदान की जा रही है।

इसके लिए भी अध्यक्ष को संस्कार कक्षा अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके साथ ही क्लब कोषाध्यक्ष लायन शाश्वत शर्मा को डायनामिक ट्रेजरार अवार्ड से सम्मानित किया गया।

वाइस प्रेसिडेंट डॉ.अमित नेमा को एप्रिशिएसन अवार्ड प्रदान किया गया। ये अवार्ड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ मनीष शाह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 पीएमजेएफ महेश मालवीय, पीडीजी एमजेएफ अतुल शाह, रीजन चेयर पर्सन एमजेएफ संध्या कमल शिलाकारी, जॉन चेयरपर्सन एमजेएफ राजेश जैन प्रीत, एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए।

# जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट न होने से सोनोग्राफी के लिए आमजन परेशान

सीहोर। सीहोर में आरएमओ की न तो हेल्थ कमिश्नर सुन रहे हैं। न ही सीएमएचओ की बात पर आयुक्त और मंत्री ध्यान दे रहे हैं। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट न होने की वजह से आम जन को सोनोग्राफी के लिए इसका शुल्क देना मजबूरी बनी हुई है।

जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के दो पद हैं, लेकिन कोई भी डॉक्टर यहां ज्वाइन करने नहीं आया है। साल 2019 से रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली है। 30 करोड़ रुपए में बने नए भवन में मेटरनिटी और अन्य विभाग तो शिफ्ट हो गए हैं, पर स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। हालांकि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजना के तहत महीने में केवल दो दिन (9 और 25 तारीख) गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जाती है। इसके लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ को प्रशिक्षण दिया गया है। पुरुष मरीजों की सोनोग्राफी की कोई व्यवस्था नहीं है।

# एरियर्स राशि की मांग को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।**

अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ, चालक संघ नगर निगम जबलपुर एवं शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के द्वारा आज को महापौर जगत बहादुर सिंह , निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव को ज्ञापन सौंपते हुये बताया गया कि मप्र शासन के द्वारा आदेश पारित किया गया जिसमें 4 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि का भुगतान चार किश्तों में किये जाने हेतु सुनिश्चित किया गया। किंतु आज तक कर्मचारियों को एरियर्स राश्सि की द्वितीय किश्त का भुगतान नहीं किया गया। साथ ही संघ के द्वारा महापौर एवं आयुक्त को बताया गया कि नगर निगम से सेवानिवृत्त हो

चुके कर्मचारियों को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान काफी समय से नहीं किया जा रहा है एवं नगर निगम जबलपुर में कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस एवं जीपीएफ राशि की कटौती तो की जा रही है, किंतु कर्मचारियों के एनपीएस एवं जीपीएस खाते में वह राशि जमा नहीं की जा रही है।

संघ के द्वारा की जा रही मांगों को गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरांत महापौर एवं आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव जी के द्वारा संघ की मांगों को स्वीकार करते हुये वित्त अधिकारी को निर्देषित किया गया कि कर्मचारियों को 4 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि की द्वितीय किश्त का भुगतान आगामी माह के वेतन के सहित कराया जावे। साथ ही निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा उपादान राशि का भुगतान करने हेतु 1 करोड़ रूपये ग्रेच्युटी की राशि प्रदान की गई। इसके सहित निगमायुक्त द्वारा कर्मचारियों के एनपीएस एवं जीपीएस खाते में एनपीएस एवं जीपीएस राशि जल्द से जल्द जमा करने हेतु वित्त अधिकारी को आदेशित किया गया।

महापौर जगत बहादुर सिंह एवं निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव जी को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, जगदीश नन्हेट, सामियल, दयाराम धुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया आदि मौजूद थे।

# हिंदू देवताओं की रंगोली को पैरों से बिगाड़ने वाले सहायक प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**देवास।**

**देवास जिले में शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ एक सहायक प्रोफेसर द्वारा हिन्दू-देवताओं की रंगोली को पैरों से मिटाने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्रदर्शन कर शिकायत दर्ज कराई है।**

वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य की शिकायत पर कन्नौद थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी सहायक प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, प्रशासन ने उसे महाविद्यालय से निष्कासित कर दिया है।

थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बुधवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कन्नौद के शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने भगवान राम और कृष्ण की सुंदर रंगोली बनाई थी, जिसे आरोपित सहायक प्रोफेसर जैर अली रंगवाला ने पैरों से मिटा दिया था। जिससे वहां मौजूद छात्र-छात्राओं ने विरोध जताया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद महाविद्यालय में हंगामे की स्थिति बन गई। छात्रों और स्थानीय संगठनों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि मामले के सामने आने के बाद प्रभारी प्राचार्य प्रेमपाल की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उसके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा-298 और 196 में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही आरोपित प्रोफेसर जैर अली रंगवाला फरार है। मामले को लेकर राज्य सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि %हम ऐसी मानसिकता को बर्दाश्त नहीं कर सकते। भगवान की रंगोली के साथ कोई ऐसा करे, यह बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है और मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह का कहना है कि सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शिक्षक जुजैर अली रंगवाला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 (पूजा स्थल या पवित्र वस्तु को नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना) और 196 (धर्म, जाति आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।